## न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, टोंक

पीठासीन अधिकारी– मुरारी लाल शर्मा
आर.ए.एस.

| मिसल नम्बर | तारीख दायरा | तारीख निर्णय |
|---|---|---|
| 06 / 2015 / प्रा.पत्र / 2015 | 20.02.2015 | 03.03.2022 |

सत्यनारायण गूर्जर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक

....... प्रार्थी

बनाम

1–श्री मुकेश कुमार धाकड पुत्र श्री प्रभू लाल धाकड जाति धाकड निवासी धाकड मोहल्ला ग्राम सग्रामपुरा पोस्ट नगरफोर्ट तहसील देवली जिला टोंक

2–श्री विनोद कुमार धाकड पुत्र श्री शिवजी राम धाकड निवासी ग्राम पोस्ट लक्ष्मीपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक प्रोपरायटर मैसर्स नागर किराण स्टोर बस स्टैण्ड नगरफोर्ट तहसील देवली जिला टोंक

3– मैसर्स नागर किराण स्टोर बस स्टैण्ड नगरफोर्ट तहसील देवली जिला टोंक

...... अप्रार्थी

**जुर्म अन्तर्गत खाध सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2(ii) एवं दण्डनीय धारा 51 व 52**

उपस्थित–

1–प्रार्थी की ओर से श्री मदनलाल गूर्जर, खा0सु0अ0 स्वयं।

2–अप्रार्थीगण उपस्थित

:–निर्णय–: दिनांक 03.03.2022

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का सार इस प्रकार है कि आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनांक 30.10.2012 को समय 02.00 पी.एम पर वास्ते निरीक्षण मैसर्स नागर किराण स्टोर बस स्टैण्ड नगरफोर्ट तहसील देवली जिला टोंक पर पहुंचां। विक्रेता की हैसियत से श्री मुकेश कुमार धाकड पुत्र श्री प्रभू लाल धाकड जाति धाकड निवासी धाकड मोहल्ला ग्राम सग्रामपुरा पोस्ट नगरफोर्ट तहसील देवली जिला टोंक खाद्य पदार्थ का कारोबार करते हुए उपस्थित मिला को अपना परिचय दिया एवं परिचय पत्र दिखाया तथा उसका परिचय लिया पूछने पर प्रतिष्ठान का मालिक श्री विनोद कुमार धाकड को होना स्वीकार किया एवं मौके पर खाद्य अनुज्ञा पत्र होना जाहिर किया।

आवेदक द्वारा निरीक्षण करने पर पाया कि आम जनता को विक्रय हेतु दुकान मे **कच्ची घाणी सरसो तेल (अरिहंत ब्राण्ड)** रखा ह... का निरीक्षण करने पर मिलावट की शंका होने पर. विक्रेता श्री मुकेश कुमार धाकड को ... के सामने फार्म नं. 5ए में वास्ते नमूना क्रय करने हेतु नोटिस देकर ... जिस पर श्री मुकेश कुमार धाकड एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाकर प्रार्थी ने हस्ताक्षर कर तस्दीक कि...

Signature Not Verified
Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2022.05.16 16:28:10 IST
Reason: SelfAttested

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक

आवेदक द्वारा दुकान मे एक कागज के कार्टून मे 15 बोतल 500–500 मिली0 **कच्ची घाणी सरसो तेल (अरिहंत ब्राण्ड)** रखे हुये मे से 4 बोतल 500–500 मिली0 पैक अवस्था मे ज्यो का त्यो का चयन कर वास्ते नमूना जांच खरीदा जिसकी बाजार भाव के समान कीमत विक्रेता. श्री मुकेश कुमार धाकड को रू0 180/–अक्षरे एक सौ अस्सी रूपये नगद देकर रसीद प्राप्त की जिस पर विक्रेता के हस्ताक्षर तथा उपस्थित गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वयं आवेदक ने हस्ताक्षर किये।

आवेदक द्वारा खरीदशुदा **कच्ची घाणी सरसो तेल (अरिहंत ब्राण्ड)** खरीदशुद्दा 4 बोतल 500–500 मिली0 को अलग–अलग नियमानुसार चार नमूना भाग तैयार कर एंव चारो नमूना भागो के लिये चार लेबल नियमानुसार तैयार कर प्रत्येक भाग पर गोंद से चिपकाया और प्रत्येक लेबलो पर डी.ओ.कोड एवं क्रमांक I–389 दर्ज किया। प्रत्येक लेबल पर स्वयं के हस्ताक्षर किये एवं विक्रेता के तथा गवाह के हस्ताक्षर करवाये गये।

चारो नमूना भागो को अलग–अलग खांकी कागज में लपेटकर प्रत्येक भाग पर डी. ओ. टोंक की हस्ताक्षर शुदा पेपर स्लिप नं. I–389 नियमानुसार चारों नमूना भागों पर नीचे से उपर तक गोलाई से गोंद से चिपकाकर प्रत्येक भाग को धागे से बांध कर सील चपडी किया। प्रत्येक नमूना भाग पर विक्रेता. मुकेश कुमार धाकड के हस्ताक्षर नियमानुसार इस प्रकार करवाये कि पेपर स्लिप व रेपर दोनो पर आवे। चारो नमूना भागो को अपने जाप्ते में लिया व मोका फर्द रिपोर्ट तैयार की।

आवेदक ने कार्यालय पहुंचकर फार्म नं0 6 की 6 प्रतियां तैयार की और प्रत्येक पर वह नमूना सील लगाई जिससे नमूना सील किया। एक नमूना भाग फार्म नं0 6 की प्रति के आउटर कवर में सील बन्द कर सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक एंव जन विश्लेषक अजमेर को जमा कराकर रसीद प्राप्त की।

आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को डी.ओ. एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक के पत्र क्रमांक एफ.एस.एस.ए./2012/4365 दिनांक 26.12.2012 के द्वारा ज्ञात हुआ कि खाद्य विश्लेषक एंव जन विश्लेषक अजमेर से प्राप्त जांच रिपोर्ट सं0 एल0एस0/776/एक्ट/2012/783 दिनांक 09.11.2012 अनुसार मुकेश कुमार धाकड से वास्ते नमूना जांच विक्रय किया गया **कच्ची घाणी सरसो तेल (अरिहंत ब्राण्ड)** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के अनुसार **मिथ्याछाप** (Mis-branded) व **अवमानक** (Sub-Standard) स्तर का होना पाया गया।

अतः प्रकरण में अप्रार्थीगण **द्वारा मिथ्याछाप** (Mis-branded) व **अवमानक** (Sub-Standard) स्तर का **कच्ची घाणी सरसो तेल (अरिहंत ब्राण्ड)** का विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 51 व 52 में निर्धारित है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2022.05.16 16:28:10 IST
Reason: SelfAttested

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण द्वारा किसी प्रकार का कोई जवाब पेश नहीं किया तथा अपना जुर्म स्वीकार किया। प्रार्थी ने बहस के दौरान प्रार्थना पत्र अंकित तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए निवेदन किया कि अप्रार्थी जिस **कच्ची घाणी सरसो तेल (अरिहंत ब्राण्ड)** का विक्रय कर रहा था वह

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक

जांच में **मिथ्याछाप** (Mis-branded) व **अवमानक** (Sub-Standard) स्तर का होना पाया गया है,इसलिए अप्रार्थीगण को भारी से भारी जुर्माने से दण्डित किया जावे।

हमने बहस पर मनन किया व पत्रावली का अवलोकन किया गया। अप्रार्थी के पास से लिया गया **कच्ची घाणी सरसो तेल (अरिहंत ब्राण्ड)** का नमूना जांच में मिथ्याछाप (Mis-branded) व अवमानक (Sub-Standard) स्तर का होना पाया गया है। उक्त कृत्य खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उप धारा 2(ii) के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। अतः अप्रार्थी के विरूद्व प्रार्थना पत्र प्रमाणित होने से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 51 व 52 के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। अतः अप्रार्थी के विरूद्व प्रार्थना पत्र प्रमाणित होने से अप्रार्थी श्री मुकेश कुमार धाकड पुत्र श्री प्रभू लाल धाकड जाति धाकड निवासी धाकड मोहल्ला ग्राम सग्रामपुरा पोस्ट नगरफोर्ट तहसील देवली जिला टोंक पर शास्ति 10,000 (अक्षरे दस हजार हजार रू0) अप्रार्थी श्री विनोद कुमार धाकड पुत्र श्री शिवजी राम धाकड निवासी ग्राम पोस्ट लक्ष्मीपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक प्रोपरायटर मैसर्स नागर किराण स्टोर बस स्टैण्ड नगरफोर्ट तहसील देवली जिला टोंक पर शास्ति 10,000 (अक्षरे दस हजार हजार रू0) आरोपित की जाती है। अभियुक्त उक्त दण्ड की राशि जरिये डीडी न्यायालय में अथवा जरिये चालान से राजकोष में संबंधित मद में निर्णय दिनांक 03.03.2022 से एक माह के अन्दर अन्दर जमा कराकर रसीद पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफतर हो।

निर्णय आज दिनांक 03.03..2022 को खुले न्यायालय में लिखा जाकर सुनाया गया।

न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट टोंक

3-3-2022

(मुरारी लाल शर्मा)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट टोंक
न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
टोंक–राज0

Signature Not Verified

Digitally signed by Murari Lal Sharma
Date: 2022.05.16 16:28:10 IST
Reason: SelfAttested